



# केकेआर ने सुपरओवर में मारी बाज़ी

दोनों टीमों का स्कोर 155–155 पर बराबर

**रोमांच चरम पर रहा**

- **लखनऊ को मिली लगातार पांचवीं हार**
- **केकेआर ने सुपरओवर की पहली गेंद पर चौका लगाकर जीता**

**लखनऊ, 26 अप्रैल.** आईपीएल 2026 का 38वां मुकाबला लखनऊ सुपर जाएंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच रविवार को इकाना स्टेडियम में एक बेहद रोमांचक और सांसें थाम देने वाले अंदाज़ में खेला गया, जहां मैच का नतीजा सुपरओवर तक पहुंचा और अंततः कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहली ही गेंद पर चौका लगाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया. इस हार के साथ लखनऊ सुपर जाएंट्स को लगातार पांचवीं हार का सामना करना पड़ा, जिससे टीम की प्लेऑफ की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है.

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत बेहद खराब रही. हालांकि, मध्यक्रम में रिंकू सिंह ने एक छोर संभालते हुए संघर्षपूर्ण पारी खेली. उन्होंने 42 गेंदों पर शानदार अर्धशतक पूरा किया और अंत तक टिके रहे.केकेआर की पूरी टीम निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर केवल 155 रन ही बना सकी.



मोहसिन खान ने लिए 5 विकेट

लखनऊ सुपर जाएंट्स की शुरुआत भी लड़खड़ाती रही. हालांकि, एडेन मार्करम और ऋषभ पंत ने पारी को संभालने की कोशिश की. पंत ने 42 रनों की उपयोगी पारी खेली, जबकि मार्करम ने 31 रन बनाए.लखनऊ की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 155 रन ही बना सकी, जिससे मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ और सुपरओवर की नौबत आ गई.

## कौन–सी टीम किस स्थान पर

| क्र. | टीम | मैच | जीत | हार | नतीजा नहीं | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पीबीकेएस | 7 | 6 | 0 | 1 | 13 | +1.33 |
| 2. | आरसीबी | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | +1.10 |
| 3. | हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 0 | 8 | +0.81 |
| 4. | आरआर | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | +0.60 |
| 5. | जीटी | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 | -0.47 |
| 6. | सीएसके | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | +0.12 |
| 7. | डीसी | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | -0.18 |
| 8. | केकेआर | 8 | 2 | 5 | 1 | 5 | -0.75 |
| 8. | एमआई | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -0.73 |
| 9. | एलएसजी | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -1.27 |

## एक नजर में

### पेट के वायरस के कारण स्वियातेक मैड्रिड ओपन से बाहर

**मैड्रिड, 26 अप्रैल.** चौथी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को शनिवार को मैड्रिड ओपन में एन ली के खिलाफ अपने राउंड ऑफ़ 32 के मैच से हटना पड़ा, क्योंकि वह बीमार पड़ गई थीं. स्वियातेक पहला सेट टाईब्रेक में हार गईं, लेकिन वापसी करते हुए दूसरा सेट 6–2 से जीत लिया. इसके बाद वह पेट के वायरस के असर से प्रभावित हो गईं. मैच के बाद उन्होंने बताया कि वह पिछले दो दिनों से इस वायरस से जूझ रही थीं, और जब वह 3–0 से पीछे चल रही थीं, तो उन्हें रोते हुए मैच से हटना पड़ा.



कनाडा की 24वीं वरीयता प्राप्त लेयला फर्नांडीज ने एक छोटा–सा उलटफेर करते हुए, एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी की और अमेरिका की 15वीं रैंक वाली इवा जोविक को 3–6, 6–3, 6–2 से हराया. नौवीं वरीयता प्राप्त मिरा एंड्रीवा, डालमा गाल्फी के लिए बहुत मज़बूत साबित हुईं और उन्होंने आसानी से 6–3, 6–2 से जीत हासिल करते हुए अगले दौर में जगह बनाई. ग्यारहवीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिक भी 18वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर को 6–2, 7–6 (6) से हराकर अंतिम 16 में पहुंच गईं, जबकि हंगरी की अन्ना बोंडार ने लॉरा सैमसन को 7–6(3), 6–1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया.

### हम हारना डिजर्व करते हैं : अक्षर पटेल

**नयी दिल्ली, 26 अप्रैल.** शनिवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने जब 264 रन का एक विशाल स्कोर खड़ा किया था, तो किसी को भी नहीं लगा था कि पंजाब किंग्स इस मैच को सात गेंद शेष रहते ही जीत जाएगी. लेकिन प्रभसिमरन सिंह के 26 गेंदों में 76 और कप्तान श्रेयस अय्यर की 71 रनों की पारी की मदद से पंजाब ने मैच को छह विकेट से आसानी से जीत लिया. इस दौरान सब फ़ील्डर करुण नायर ने श्रेयस के 29 और 35 के स्कोर पर दो कैच छोड़े, जबकि प्रभसिमरन का भी एक कठिन और एक थोड़ा आसान कैच डीसी के फ़ील्डरों ने छोड़े. इसके अलावा प्रियांश आर्य, कूपर कॉनॉली और शशांक सिंह का भी कैच डीसी के फ़ील्डरों द्वारा छोड़े गए. वहीं पारी के तीसरे ओवर में ऐसा ही एक कठिन कैच लपकने के चक्कर में उनके तेज गेंदबाज लुंगी एन्गिडी चोटिल होकर मैच से बाहर हो गए, जिनके चार ओवरों की कमी उन्हें पूरे मैच के दौरान खली. मैच के बाद ब्रॉडकास्टर से बात करते हुए डीसी के कप्तान अक्षर पटेल ने कहा, 'हम लगातार वही ग़लतियां दोहरा रहे हैं. इस तरह की पिच पर अगर आप अपने गेंदबाज़ों को सपोर्ट नहीं करेंगे.



### बैडमिंटन के लिए 3×15 स्कोरिंग सिस्टम को मंज़ूरी

**हॉर्सेंस (डेनमार्क), 26 अप्रैल** बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) के सदस्यों ने 3×15 स्कोरिंग सिस्टम को अपनाने की मंज़ूरी दे दी है. खेल की विश्व शासी संस्था ने शनिवार को घोषणा की कि यह नया फ़ॉर्मेट 4 जनवरी, 2027 से लागू होगा. बीडब्ल्यूएफ ने एक प्रेस रिलीज़ में बताया कि यह प्रस्ताव डेनमार्क के हॉर्सेंस में आयोजित बीडब्ल्यूएफ की 87वीं वार्षिक आम बैठक में डाले गए वोटों के लिए ज़रूरी दो–तिहाई बहुमत से पारित किया गया. बीडब्ल्यूएफ की अध्यक्ष खुनयिंग पटामा लीस्वाड्ट्राकुल ने कहा कि यह फ़ैसला बैडमिंटन के भविष्य के लिए एक अहम मील का पत्थर है. उन्होंने कहा, 'हम एक ऐसा खेल तैयार कर रहे हैं जो अगली पीढ़ी से जुड़ा हो, और साथ ही हम अपने खिलाड़ियों के लंबे समय के भविष्य में निवेश करना जारी रखेंगे.' बीडब्ल्यूएफ के अनुसार, 3×15 स्कोरिंग सिस्टम का मकसद बैडमिंटन को और ज़्यादा रोमांचक और प्रतिस्पर्धी बनाना, मैच के समय को बेहतर बनाना, मैच की अवधि को ज़्यादा एक जैसा रखना, और खिलाड़ियों की भलाई और रिकवरी के लिए संभावित फ़ायदे लाना है.



# चेन्नई की बल्लेबाजी फिर फ्लॉप

## गुजरात ने चेपॉक में चेन्नई को हराया

**158** रन बनाए चेन्नई ने

**162** रन बनाए गुजरात ने



87 रन बनाकर साई सुदर्शन नाबाद

74 रन बनाकर ऋतुराज नाबाद

**चेन्नई, 26 अप्रैल. चेपॉक स्टेडियम में खेले गए इस हाई–वोल्टेज मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी. यह मैच शुरुआत से ही गुजरात के नियंत्रण में दिखा, जहां गेंदबाजी से लेकर बल्लेबाजी तक हर विभाग में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया. चेन्नई की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर सिर्फ 158 रन ही बना सकी, जो इस पिच पर औसत से कम स्कोर माना जा रहा था.**

चेन्नई की शुरुआत बेहद खराब रही. पावरप्ले में ही टीम ने तीन अहम विकेट गंवा दिए, जिससे रनगति पर दबाव बन गया. ओपनिंग से लेकर मिडिल ऑर्डर तक कोई भी बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं कर पाया. संजू सैमसन सिर्फ 11 रन बनाकर जल्दी आउट हो गए, जबकि उर्विल पटेल और सरफराज खान बिना बड़ा योगदान दिए पवेलियन लौट गए.

हालांकि कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने एक छोर संभाले रखा और जिम्मेदारी भरी बल्लेबाजी की. उन्होंने 60 गेंदों में नाबाद 74 रन बनाए, जिसमें उन्होंने 6 चौके और 4 छक्के लगाए. लेकिन उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज लंबे समय तक टिक नहीं पाया. शिवम दुबे ने 22 रन की छोटी लेकिन महत्वपूर्ण साझेदारी की, लेकिन लगातार गिरते विकेटों ने चेन्नई को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया.

लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की शुरुआत बेहद आक्रामक रही. शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने पहले विकेट के लिए 58 रनों की साझेदारी की और चेन्नई के गेंदबाजों पर शुरू से ही दबाव बना दिया. गिल ने 23 गेंदों में 33 रन बनाए, जिसमें तीन शानदार छक्के शामिल थे. इसके बाद साई सुदर्शन ने पारी को संभालते हुए मैच का पूरा रुख बदल दिया. उन्होंने 46 गेंदों में 87 रनों की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें 4 चौके और 7 छक्के शामिल थे. गुजरात ने यह लक्ष्य सिर्फ 16.4 ओवर में हासिल कर लिया और सिर्फ 2 विकेट गंवाए. इस जीत के साथ टीम ने अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है और प्लेऑफ की रेस में खुद को बनाए रखा है.

### स्कोर बोर्ड

**चेन्नई बल्लेबाजी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन | 11 | 15 | 2 | 0 |
| ऋतुराज गायकवाड * | 74 | 60 | 6 | 4 |
| उर्विल पटेल | 4 | 3 | 1 | 0 |
| सरफराज खान | 0 | 1 | 0 | 0 |
| डेवाल्ड ब्रेविस | 2 | 9 | 0 | 0 |
| शिवम दुबे | 22 | 17 | 3 | 1 |
| कार्तिक शर्मा | 15 | 9 | 3 | 0 |
| जेमी ओवरटन | 18 | 6 | 3 | 1 |
| अकील हुसैन * | 0 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** 12, **कुल** 20 ओवर में 158-7

**गुजरात गेंदबाजी**- मोहम्मद सिराज -4-0-23-1, कगिसो रबाडा-4-0-25-3, मानव सुथार-3-0-22-1, जेसन होल्डर-4-0-22-0, अरशद खान-4-0- 43-2, राशिद खान-1-0-21-0

**गुजरात बल्लेबाजी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन | 87 | 46 | 4 | 7 |
| शुभमन गिल | 33 | 23 | 1 | 3 |
| जोस बटलर * | 39 | 30 | 4 | 1 |
| वॉशिंगटन सुंदर * | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** 2, **कुल** 16.4 ओवर में 162-2

**चेन्नई गेंदबाजी**- अकील हुसैन-3.4-0-46-1, अंशुल कंबोज-3-0-16-0, जेमी ओवरटन 2-0-28-0, गुरजापनीत सिंह -3-0-36-0, नूर अहमद-4-0-29-1, शिवम दुबे-1-0-7-

### डीएलडब्ल्यूक्यू के खिलाड़ियों ने कुल 24 स्वर्ण पदक जीते

**नयी दिल्ली.** दिल्ली एमेच्योर वुशु एसोसिएशन द्वारा आयोजित 23वीं दिल्ली राज्य वुशु चैम्पियनशिप के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने ताओलु एवं सांडा स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता को अत्यंत रोमांचक बना दिया.

दूसरे दिन सब–जूनियर एवं जूनियर वर्ग (बालक एवं बालिका) की सांडा (शानशू) प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए. ताओलु स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने उच्च स्तर की तकनीक और संतुलन का प्रदर्शन किया. ताओलु स्पर्धाओं में डीएलडब्ल्यूक्यू का दबदबा देखने को मिला, जहाँ खिलाड़ियों ने कुल 24 स्वर्ण पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की.

# सूर्यवंशी मेरा नया पसंदीदा खिलाड़ी है : कमिंस

**जयपुर, 26 अप्रैल. बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी के चाहने वालों में एक नाम और जुड़ गया है. सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस उनके नए चाहने वाले हैं और उनका कहना है कि सूर्यवंशी उनका नया पसंदीदा खिलाड़ी है.**

हालांकि सूर्यवंशी की टीम राजस्थान रॉयल्स को कल हैदराबाद से हार का सामना करना पड़ा. सूर्यवंशी ने इस मैच में शतक बनाया लेकिन यह जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था. सूर्यवंशी का 36 गेंदों में बनाया गया शतक – जो आईपीएल के इतिहास का तीसरा सबसे तेज़ शतक है – राजस्थान रॉयल्स को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था, लेकिन इसने विरोधी टीम के कप्तान को भी इस बात से बहुत प्रभावित किया कि 15 साल का यह खिलाड़ी अभी से क्या–क्या कर सकता है. कमिंस ने सूर्यवंशी के बारे में कहा, 'मुझे लगता है कि वह मेरा नया पसंदीदा खिलाड़ी है.' 'वह गेंद को इतनी ज़ोर से मारता है कि उसे देखना बहुत अच्छा लगता है, इसमें बहुत मज़ा आता है. एक गेंदबाज़ के तौर पर आपको बिल्कुल सटीक गेंद डालनी होती है, क्योंकि अगर आप ऐसा नहीं करते, तो गेंद बहुत दूर तक जाती है. इसलिए वह बहुत प्रभावशाली है. हाँ, उसने अपने करियर की शानदार शुरुआत की है और हाँ, मुझे उसका खेलने का तरीका बहुत पसंद है, जिस तरह वह खेल को अपने हाथ में लेता है.' कमिंस ने सूर्यवंशी को जो पहली गेंद डाली, वह छक्के के लिए बाउंड्री के पार चली गई; इसने इस युवा खिलाड़ी की एक और निडर पारी की नींव रख दी.





# भारतीय महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 14 रनों से हराया

**जोहान्सबर्ग, 26 अप्रैल दीप्ति शर्मा ( नाबाद 36 रन/ पांच विकेट ) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने चौथे टी–20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 14 रनों से शिकस्त दी. यह पांच मैचों की सीरीज में भारत की पहली जीत है. दीप्ति शर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला.**

186 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम को दीप्ति शर्मा के कहर का सामना करना पड़ा. दक्षिण अफ्रीका की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 171 रन ही बना सकी और 14 रनों से मुकाबला हार गई. दक्षिण अफ्रीका के लिए सुने लूस ने सर्वाधिक 40 रन बनाये. उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया. तेज़मिन ब्रिट्स (30), कायला रेनेके (21) और कप्तान लॉरा वुलफॉर्ट (18) रन बनाकर आउट हुई. एलिज़ मारी मार्क्स ने नाबाद 21 रन बनाये. दक्षिण अफ्रीका के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके. भारतीय महिला टीम के लिए दीप्ति शर्मा ने चार ओवरों में 19 रन देकर पांच विकेट झटके. क्रांति गौड़, श्री चारणी, काश्वी गौतम और शेफाली वर्मा ने एक–एक बल्लेबाज को आउट किया. इससे पहले शनिवार देर रात खेले गये मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया.



# ज्वेरेव ने मुश्किलों के बावजूद अपनी पहली जीत हासिल की

**मैड्रिड, 26 अप्रैल दूसरी वरीयता प्राप्त जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मैच के बीच में हुई एक चूक पर काबू पाते हुए मारियानो नवोन को 6–1, 3–6, 6–3 से हराया. इसके साथ ही, स्पेन की राजधानी में क्ले कोर्ट पर इस एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में उनका रिकॉर्ड अब 9–0 हो गया है.**

ज़्वेरेव, जो अपना तीसरा मैड्रिड खिताब जीतने की दौड़ में हैं, दूसरे सेट में दो बार अपनी सर्विस गंवा बैठे, लेकिन उन्होंने बड़ी कुशलता से अपना संयम बनाए रखा और अंततः एक घंटे 43 मिनट चले इस मैच में जीत हासिल की. ज़्वेरेव ने कहा, 'पहला सेट लगभग एकदम सही रहा, और फिर मेरा ध्यान पूरी तरह से भटक गया.' 'फिर दूसरा सेट तो बहुत ही खराब रहा, लेकिन किसी भी टूर्नामेंट के पहले मैच में कभी–कभी ऐसा हो जाता है. निश्चित रूप से, मैं थोड़ा और बेहतर ध्यान केंद्रित कर सकता था, लेकिन खेल का स्तर तो मौजूद था.

**आईपीएल : 39वां मैच आज** | दिल्ली कैपिटल्स को अरुण जेटली स्टेडियम में आरसीबी के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना होगा

# दिल्ली को फील्डिंग, कैचिंग में सुधार की सख्त जरूरत

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल. आईपीएल 2026 के 39वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को सोमवार को अरुण जेटली स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना है. पिछले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ रिकॉर्ड स्कोर बनाने के बावजूद दिल्ली को हार का सामना करना पड़ा, जिससे स्पष्ट हो गया कि टीम को अपनी फील्डिंग, खासकर कैचिंग में सुधार की सख्त जरूरत है.**





पंजाब के खिलाफ दिल्ली ने 264 रनों का विशाल स्कोर बनाया, लेकिन गेंदबाज़ी आक्रमण की कमजोरी और कैचिंग में चूक के कारण टीम को जीत नहीं मिल सकी. नीतीश राणा और ट्रिस्टन स्टब्स ने कुछ राहत प्रदान की, लेकिन केएल राहुल पर टीम की अत्यधिक निर्भरता हर किसी के सामने है. राहुल ने पंजाब के खिलाफ 152 रनों की नाबाद पारी खेलकर आईपीएल में किसी भी भारतीय खिलाड़ी का अब तक का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाया. इस सीजन में सात पारियों में 357 रन बनाने के साथ उनका स्ट्राइक रेट बेहद प्रभावशाली रहा है. उनकी बल्लेबाजी दिल्ली की रीढ़ की तरह बनी हुई है, और टीम की जीत का प्रमुख आधार वही रहे हैं.

दिल्ली कैपिटल्स की सबसे बड़ी चुनौती फिलहाल फील्डिंग और गेंदबाज़ी इकाई की विश्वसनीयता है. गेंदबाज़ों ने बड़े स्कोर का बचाव करने में संघर्ष किया, जिससे टीम की विस्फोटक बल्लेबाजी का लाभ पूरी तरह नहीं उठाया जा सका. फील्डिंग में सुधार ही टीम को आरसीबी जैसी संतुलित टीम के खिलाफ मुकाबले में जीत दिला सकता है.

> इसके विपरीत, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रदर्शन संतुलन और सामूहिक प्रयास पर आधारित है. सात मैचों में पाँच जीत के साथ टीम ने हर विभाग में लगातार अच्छे प्रदर्शन दिखाए हैं. विराट कोहली ने 328 रन बनाए हैं, जबकि कप्तान रजत पाटीदार ने मध्यक्रम में आक्रामक गति बनाए रखी. देवदत्त पडिक्कल, फिल सॉल्ट और टिम डेविड जैसी बल्लेबाजों की गहराई ने टीम को किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर होने से बचाया है.

# भारतीय टीम ने यूक्रेन को 4–1 से हराया

**नयी दिल्ली, 26 अप्रैल युवा भारतीय महिला टीम ने रविवार रात डेनमार्क के हॉर्सेंस में ग्रुप ए के अपने दूसरे मुकाबले में यूरोपियन चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता यूक्रेन को 4–1 से हराकर थॉमस और उबेर कप 2026 में अपनी पहली जीत दर्ज की.**

टीम ने सिंगल्स में पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु को आराम देने का फैसला किया और तीसरे सिंगल्स में 2026 थाईलैंड मास्टर्स चैंपियन देविका सिहाग को मौका दिया. भारत के लिए शुरुआत उन्नति हुड्डा ने की, जिन्होंने पोलिना बुहरोवा को 21–19, 22–20 से हराया. इसके बाद जूनियर विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा ने येवहेनिया कान्तेमिर को 21–12, 17–21, 21–10 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी. इसके बाद देविका ने मारिया स्टोलियारेंको को 23–21, 21–13 से हराकर जीत पक्की कर दी.





> भारत को एकमात्र हार पहले महिला डबल्स में मिली, जहाँ कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी बुहरोवा और कान्तेमिर के खिलाफ 11–21, 17–21 से हार गईं. इसके बाद सिंधु और तनीषा क्रास्टो ने स्टोलियारेंको और सोफिया लावरोवा को 21–18, 21–15 से हराकर स्कोरलाइन पूरी की. महिला टीम का अगला मुकाबला सोमवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में मज़बूत चीन से होगा. क्वार्टरफाइनल में पहुँचने की किसी भी उम्मीद के लिए उन्हें मौजूदा चैंपियन को हराना होगा.